		BHIKIASAIN SO					SEEM
1.	SPM	—	1				EDBO
2.	PAs	—	3	1.	BPM	—	1
3.	VPM	—	1	2.	EDDA	—	1
4.	Group 'D'	—	4				TAYA
5.	EDAs	—	2				EDBO
6.	C.P. Chawkidar	—	1	1.	BPM	—	1
			BASOTE	2.	EDDA	—	1
			EDBO	3.	EDMC	—	1
1.	BPM	—	1				
2.	EDDA	—	1				
3.	EDMC	—	1				

Statement 'B'

List Showing the Details of Investment and Details of Dead Accounts

	Ranikhet HO		Bhikiasain SO		Basote EDBO		Seem EDBO		Taya EDBO	
	No of A/Cs	Investment	No. of A/Cs	Investment	No of A/Cs	Investment	No. of A/Cs	Investment	No. of A/Cs	Investment
SB	4668	9727215.07	3222	2776463.36	643	391182.56	63	16299.25	156	130394.18
RD	4436	6504850.00	3758	5215050.00	503	327435.00	63	13725.00	163	109815.00
TD	912	5001100.00	1021	5063750.00	131	235100.00	25	11400.00	93	81300.00
CTD	68	87790.00	53	19285 00	—	—	—	—	—	—
KVP	4540	26236000.00	3612	3728000.00	—	—	—	—	—	—
NLC	15305	71373100.00	3858	1688600.00	76	3950.00	—	—	—	—
IVP	3715	4275250 00	1236	1943250 00	—	—	—	—	—	—
NSS	90	1849734.00	15	230570.00	—	—	—	—	—	—
MIS	48	2238000.00	5	151000.00	—	—	—	—	—	—
PPF	20	453177.00	3	525100.00	—	—	—	—	—	—
MSY	4	700.00	54	12388.00	12	3600.00	10	3000.00	10	3000.00
DEAD A/C	4016	647599.26	2702	292408 97	306	17871.65	—	—	78	9311.50

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के विरुद्ध शिकायतें

2383. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1 जनवरी, 1994 से 31 दिसम्बर, 1994 के दौरान और वर्ष 1995 में अब तक दिल्ली महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को खराब टेलीफोनों के संबंध में एक्सचेंज-वार कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) इन शिकायतों को दूर करने में औसतन कितना समय लगा;

(ग) ऐसी शिकायतों का एक्सचेंज-वार ब्यौरा क्या है जिनके समाधान में एक सप्ताह का अथवा इससे अधिक समय लगा; और

(घ) टेलीफोनों की खराबियों को ठीक करने में एक सप्ताह से अधिक समय लगने के क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा।

गुजरात में डाकियों की नियुक्ति

2384. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि संचार मंत्रालय ने गुजरात में अतिरिक्त डाकियों की नियुक्ति किये जाने हेतु वित्त मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी हां।

(ख) गुजरात राज्य के लिए छंटाई पोस्टमैन के अतिरिक्त 26 पदों और डाकियों के 269 पदों का प्रस्ताव किया गया है।

(ग) उक्त प्रस्ताव पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

गुजरात में डाकघरों का दर्जा बढ़ाया जाना

2385. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा गुजरात में बड़ोदरा, सूरत, पंचमहल और भरूच जिलों में स्थित कुछ डाकघरों का दर्जा बढ़ाया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो उनका स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी हां। बड़ोदरा जिले को छोड़कर अन्य स्थानों पर डाकघरों का दर्जा बढ़ाया जाना है।

(ख) और (ग) निम्नलिखित प्रत्येक डाकघर के सामने उल्लिखित वर्ष के दौरान, दर्जा बढ़ाये जाने की मंजूरी दी गई। तथापि, उपयुक्त आवास के अभाव में इन डाकघरों का दर्जा नहीं बढ़ाया जा सका:

डाकघर का नाम	जिला	वर्ष
(i) अलथान	सूरत	1991-92
(ii) घोघम्बा	पंचमहल	1993-94
(iii) मलवान	पंचमहल	1993-94

उपयुक्त आवास उपलब्ध होते ही इन डाकघरों का दर्जा बढ़ा दिया जाएगा।

राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन सेवाओं की बदतर स्थिति

2386. **श्री अनन्तराम जायसवाल:**
श्री सत्य प्रकाश मालवीय:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड की ट्रंक बुकिंग नम्बर 180, ट्रंक सहायता नम्बर 181 और टेलीफोन नम्बर 197 पर पूछ-ताछ सेवाओं जैसी सेवाओं सहित बहुत सी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन सेवाओं में अत्यधिक अव्यवस्था है, और इन सेवाओं की बहुत ही खराब स्थिति है जिसके परिणामस्वरूप लाखों व्यक्तियों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार टेलीफोन उपभोक्ताओं को नित्य प्रति पेश आ रही सभी बाधाओं को दूर करके अंतर्राष्ट्रीय ट्रंक सेवाओं और राष्ट्रीय टेलीफोन को सुचारू रूप से चलाने के लिए क्या त्वरित कार्रवाई करने पर विचार कर रही है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम: (क) राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय ट्रंक एक्सचेंजों द्वारा प्राप्त सेवाएं तथा विशेष सेवाएं संतोषजनक हैं तथा राष्ट्रीय ट्रंक और अन्तर्राष्ट्रीय ट्रंक की औसतन दक्षता क्रमशः 75 प्रतिशत तथा 85 प्रतिशत है। 180, 181, 197 सेवाओं की विभाग द्वारा नियमित निगरानी की जाती है। मानक 10 सैकेण्ड के भीतर काल मिलने के दिसम्बर, 94, जनवरी 95 तथा फरवरी 95 के दक्षता आंकड़े विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ख) एम टी एन एल, दिल्ली, ट्रंक एक्सचेंजों के कार्यकरण में सुधार करने के लिए कम्प्यूटरीकृत डिजिटल ट्रंक एक्सचेंज शुरू करने की योजना बना रहा है। इसके अतिरिक्त डायरेक्टरी पूछताछ कम्प्यूटर प्रणाली के स्थान पर उच्चस्तरीय प्रणाली लगाने का कार्य भी शुरू किया गया है।